YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

गंभीर ने किया संन्यास का ऐलान ▸p13

NBT नवभारत टाइम्स

सुषमा के बाद अब उमा नहीं लड़ेंगी चुनाव ▸p12

नोएडा › बुधवार 5 दिसंबर 2018 › मार्गशीर्ष 14 शक संवत 1940 मार्गशीर्ष कृष्ण त्रयोदशी विक्रम 2075

नोएडा

पेज 20* › मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

'अग्नि उत्सव' में बच्चों ने मचाया धमाल

■ एक संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ इंटरनैशनल स्कूल में रविवार को दूसरा अग्नि सीजन उत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में स्कूल के 22 सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्कूल में मुफ्त शिक्षा पाने वाले गरीब परिवार के 230 बच्चों ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फिल्म एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा, क्रिकेटर मदन लाल, एनसीसी के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एसपी सिन्हा रहे। आयोजन में छात्रों ने महाभारत के अभिमन्यु वध का मंचन किया। इस मौके पर गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर व गौर स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू गौर, एजुकेशनिस्ट लता वैद्यनाथन, क्रिकेट कोच गुरुचरण सिंह, एलपीएस ग्लोबल स्कूल के वाइस चेयरमैन एससी अरोरा, स्कूल के सीईओ आशीष कुमार शर्मा व प्रिंसिपल देबोरती बोस आदि मौजूद रहे।